शब्दावली

- **निर्धारण अधिकारी (एओ)** का अभिप्राय आयकर अधिकारी या आयकर सहायक आयुक्त, या आयकर उपायुक्त या आयकर संयुक्त आयुक्त या आयकर अतिरिक्त आयुक्त से है, जिसे आयकर अधिनियम, 1961 के अतंर्गत बोर्ड द्वारा प्रदत्त सभी या कुछ शक्तियों और कार्य का प्रयोग या क्रियान्वित करने के लिए प्राधिकृत किया गया हो या निर्धारण अधिकारी के साथ नियुक्त किया गया हो।
- **वार्षिक सूचना विवरणी (एआईआर):** आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 285 बी ए के अनुसार, वित्तीय वर्ष के दौरान विनिर्दिष्ट सत्वों द्वारा पंजीकृत ब्योरेवार वित्तीय लेन देन के संबंध में आयकर प्राधिकारी के पास एआईआर प्रस्तुत करनी आवश्यक है।
- **कम्प्यूटर समर्थित संवीक्षा चयन (सीएएसएस):** एक केंद्रीकृत आधार पर पूर्वपरिभाषित मानदंडों का प्रयोग करते हुऐ अनिवार्यत: चयन के आधार पर आयकर रिटर्न की संवीक्षा के लिए आयकर विवरणियों के चयन करने के लिए आयकर विभाग द्वारा कम्प्यूटर समर्थित संवीक्षा चयन (सीएएसएस) प्रणाली लागू की गई है।
- **कॉरपोरेट पहचान संख्या (सीआईएन):** सी आई एन एक 21 अंकों का विशिष्ट अंकाक्षरीय नंबर है, जो भारत के कंपनी रजिस्ट्रार के पास पंजीकृत कंपनियों को प्रदान किया जाता है।
- **एकीकृत आयकर दाता डाटा प्रबंधन प्रणाली (आईटीडीएमएस):** एकीकृत आयकर दाता डाटा प्रबंधन प्रणाली आयकर विभाग द्वारा लागू एक डाटा खनन उपकरण है, जो सभी डाटा स्रोतों से सूचना एकत्रित करके किसी सत्व की 360 डिग्री की प्रोफाइल बनाने में आयकर विभाग की सहायता करता है।
- **भारतीय चिकित्सा परिषद् (एमसीआई):** भारतीय चिकित्सा परिषद् एक सांविधिक निकाय है, जो भारत में चिकित्सीय शिक्षा के उच्च स्तर तथा भारत में चिकित्सी अर्हता की पहचान स्थापित करने और बनाए रखने के दायित्व का निर्वाहन करता है। चिकित्सा शास्त्र के व्यवसाय में उचित मानदण्डों को सुनिश्चित करके जनता के स्वास्थ्य और कुशलता की सुरक्षा करने और उसे बढ़ावा देने के लिए यह भारत में व्यवसाय करने के लिए डॉक्टरों को पंजीकृत करता है।
- **नॉन फाईलर निगरानी प्रणाली (एनएमएस):** नॉन फाईलर निगरानी प्रणाली आयकर विभाग की वह निगरानी प्रणाली है जो उन लोगों की पहचान करती है, जो कर फाईल करने के दायी हैं लेकिन उन्होंने ऐसा किया नहीं हैं। ऐसे अवज्ञाकारी करदाताओं की पहचान करने के पश्चात, यह प्रणाली ऐसे करदाताओं के पंजीकृत ई-मेल पते पर अननुपालन संबंधी ई-मेल स्वत: भेजती है।

एनएमएस द्वारा एआईआर (वार्षिक सूचना विवरणी), सीआईबी (केन्द्रीकृत सूचना शाखा), टीडीएस विवरणी में/द्वारा उपलब्ध जानकारी का प्रयोग किया जाता है।

- **स्थायी खाता संख्या (पैन):** पैन एक दस अंकों का एक अंकाक्षरीय नंबर है, जो आयकर विभाग द्वारा लेमिनेटिड कार्ड के रूप में जारी किया जाता है। यह करदाता की राष्ट्रीय पहचान संख्या भी होती है, जिसे आयकर भरते समय तथा विभाग के साथ पत्राचार करते समय आवश्यक रूप से उद्घृत किया जाना होता है।

- **प्रोजेक्ट इनसाईट:** प्रोजेक्ट इनसाईट एक एकीकृत प्लेटफॉर्म है जो, आयकर विभाग द्वारा काले धन के संचलन को रोकने के उद्देश्य से उच्च मूल्य के लेनदेनों की निगरानी करने के लिए तैयार किया गया है। डाटा खनन, संकलन, मिलान करने तथा कर आधार को अधिक मजबूत और व्यापक बनाने की दृष्टि के साथ प्रभावी जोखिम प्रबंधन के लिए ऐसी जानकारी का प्रसंस्करण करने हेतु यह परियोजना आरंभ की गई है।

- **कंपनी रजिस्ट्रार (आरओसी):** विभिन्न राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को शामिल कर कंपनी अधिनियम की धारा 609 के अंतर्गत नियुक्त कपंनी रजिस्ट्रार का प्राथमिक कार्य संबंधित राज्य और संघ राज्य क्षेत्रों में चल रही सीमित दायित्व भागीदारी(एलएलपी) और कंपनियों का पंजीकरण करना तथा अधिनियम के अंतर्गत ऐसी कंपनियों तथा एलएलपी द्वारा सांविधिक आवश्यक्ताओं का अनुपालन करवाना सुनिश्चित करना है।

- **ट्रेसिस:** ट्रेसिस टीडीएस समाधान, विश्लेषण तथा सुधार समर्थक प्रणाली है। यह आयकर विभाग की एक वेब आधारित एप्लीकेशन है जो टीडीएस प्रशासन से जुड़े सभी हितधारकों को एक इंटरफेस उपलब्ध कराती है। इसकी सहायता से चालान की स्थिति देखना एनएसडीएल कॉनसोल फाईल डाउनलोड करना, जस्टीफिकेशन रिपोर्ट तथा फॉर्म 16/16ए देखने के साथ-साथ वार्षिक कर क्रेडिट विवरण भी देखा जा सकता है।